# क्या करें और क्या न करें



✅ दाँत निकाली गई जगह पर रखी गई रूई को आधे घंटे तक दबा कर रखें।



✅ ऐनिस्थिसिया का प्रभाव खत्म होने के बाद थोड़ा दर्द होना स्वाभाविक है। डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाईयाँ लें।



✅ दाँत निकाली गई जगह से थोड़ा खून निकल सकता है। 1 यदि यह 24 घंटे में न रूके तो अपने डॉक्टर को दिखाएं।



✅ दाँत निकलवाने के एक दिन बाद, दिन में कम से कम चार बार नमक वाले पानी से कुल्ला करें। इससे घाव जल्दी भरेगा ।



✅ सूजन से बचने के लिए दाँत निकाली गई जगह के पीछे गाल पर कम से कम 20 मिनट तक बर्फ की सिकाई करें या ठंडा तौलिया रखें इस प्रक्रिया को पहले दिन हर आधे घंटे में दोहराएं।



❌ पहले दिन गर्म और ठोस भोजन न लें।



❌ बार-बार कुल्ला करके दाँत निकाली गई जगह पर जमे खून के थक्के को न हिलाएं।



❌ दाँत निकलवाने के बाद थूकें नहीं, इससे खून निकल सकता है।



❌ दाँत निकाली हुई जगह पर टूटी हड्डी जैसा दिखता है। यह सोच कर कि यह टूटा हुआ दाँत है, इसे जीभ या अंगुलियों से न छुएं। इससे सँक्रमण और सूजन हो सकता है।



❌ सर्जरी के बाद पहले 8 घंटे तक दाँतों पर ब्रश न करें।


32 Dental Clinic

## स्माइलिंग 32 डेंटल हॉस्पिटल

आपकी मुस्कान की देखभाल

जामा मस्जिद के बगल में, सदर बाजार, राजनांदगांव (छ.ग.) 72240 89483